# राजकीय महाविद्यालय, हाँसी

वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह

(29 मार्च, 2019)

के अवसर पर

प्राचार्या

## श्रीमती सविता मान, एच.ई.एस.– I

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

2018–2019

## मुख्य अतिथि :–

## डॉ0 अविनाश कुमार चावला, पूर्व कुलपति
## कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र

# वार्षिक प्रतिवेदन

माननीय मुख्य अतिथि महोदय डॉ0 अविनाश कुमार चावला, पूर्व कुलपति, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र उपस्थित अतिथिगण, प्रबुद्ध पत्रकार बन्धु, सहयोगी प्राध्यापक वृन्द, कर्मचारी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों, राजकीय महाविद्यालय, हांसी के इस 50वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की पावन वेला में आपका सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है ।

आज हमारे मध्य डॉ0 अविनाश कुमार चावला जी को पाकर हम गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। महोद्य ! आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित हैं तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना कर्त्तव्य समझती हूँ । डॉ0 अविनाश कुमार चावला जी का जन्म 15 नवम्बर, 1946 को हुआ । आपके परिवार में आपकी धर्मपत्नी श्रीमती उषा चावला, दो पुत्र कमलकांत चावला तथा गुंजन चावला सहित भरा–पूरा परिवार है। आपने जीवविज्ञान में एम0एस0सी0 सन 1967 में और पी0एच0डी0 की उपाधि सन 1988 में अपने सेवाकाल के दौरान ग्रहण की । आप अपने छात्र जीवन में सरल सौम्य और परिश्रमी छात्र रहे । शिक्षक के रूप में सन 1967 से 1997 तक आपने अपने दायित्व का पूर्ण निर्वाह करते हुए सदैव छात्र समुदाय की समस्याओं के निराकरण में एक सच्चे अभिभावक की भूमिका निभाई । इसके पश्चात् आपने सन 1997 से 2003 तक विभिन्न महाविद्यालयों में प्राचार्य के पद को सुशोभित किया । आपकी सेवा व कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए तत्कालीन सरकार ने 5 अप्रैल, 2003 को आपको कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के कुलपति पद पर नियुक्त किया । आपकी कल्पना शक्ति, दृढ निश्चय, दूरदर्शिता और कुशाग्रता ने विश्वविद्यालय को उच्च आयाम पर पहुंचाया । इसके अतिरिक्त आपकी शैक्षणिक और प्रशासनिक गुणों की पहचान करते हुए सरकार व अन्य एजेन्सियों ने विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर आपको मनोनित किया जैसे Regional Labour and Education Board, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, NAAC की Advisory Committee, एवं Indian Society of Devlopmental Biology, Indian Society of Blood Transfusion and Immunohaematology, Prevention of Cruelty to Animal in Jind की आजीवन सदस्यता आदि । इसके अतिरिक्त आप हरियाणा सरकार द्वारा गठित Higher Education Council के नामित सदस्य है । आप लगभग 40 से अधिक संस्थाओं को अपनी सेवाएं दे रहे है। आप लगभग 64 राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय Conferences में भाग ले चुके है । इसके अतिरिक्त आपके 20 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है । आप संयुक्त राज्य अमेरिका, इग्लैंड, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया, संयुक्त राज्य अमीरात, स्कॉटलैंड तथा पाकिस्तान आदि देशों का भ्रमण कर चुके है। आपका व्यक्तित्व अपने आप में सम्पूर्ण है । आप शरीर से सुदृढ मन से कोमल, व्यवहार में सौम्य एवं आचार में सरल इन्सान है । डॉ0 अविनाश कुमार चावला सबको साथ लेकर काम करने की भावना में युक्त है । आपका स्नेहपूर्ण स्वभाव एवं मधुर व्यवहार सबको सहजता से अपनी ओर आकर्षित करता है ।

जारी ....2....

महोदय ! शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया । मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः आपका अभिनन्दन करती हूँ ।

**महाविद्यालय परिचय :–**

राजकीय महाविद्यालय, हांसी की स्थापना वर्ष 1968 में एजुकेशन सोसायटी हॉसी द्वारा की गई । 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया, 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ । महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 73 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है ।

महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0. तथा बी0.एस0.सी0. के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या **2100** हैं । आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 47 पद स्वीकृत है जिसमें 33 नियमित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं व 33 एक्सटैंशन लैक्चरर कार्यरत है तथा 14 अन्य रेगुलर व 16 अनुबंध आधार पर कर्मचारी कार्यरत हैं ।

**शैक्षणिक उपलब्धियाँ–**

महाविद्यालय की बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा हिना, बी0एससी0 तृतीय वर्ष की छात्रा गीता रानी व संध्या, बी0एससी0 द्वितीय वर्ष का छात्र अमन, छात्रा बबली, व शिल्पा, एम0कॉम0 अंतिम वर्ष की छात्रा पूजा ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढाया है।

महाविद्यालय का पास प्रतिशत विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से अधिक रहा इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र है ।

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–**

सत्र 2018–19 में वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया ।

सत्र के आरम्भ में महाविद्यालय में प्रतिभा–खोज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 24.8.2018 को किया गया । जिसमें भाषण, कविता पाठ, नृत्य, गायन वादन व पेंटिंग–रंगोली जैसी विधाओं का आयोजन करवाया गया ।

राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का आयोजन दिनांक 26 से 29 नवम्बर, 2018 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में हुआ, जिसमें महाविद्यालय की सांग, रागनी, समूह नृत्य, एक्ल नृत्य आदि

जारी .....3.....

टीमों ने भाग लिया, जिसमें हरियाणवी एकल नृत्य (महिला) में दिव्या तथा सोनाली बी0कॉम0 द्वितीय तथा बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व अन्य टीमों को प्रदर्शन भी सराहनीय रहा ।

विश्वविद्यालय युवा समारोह का आयोजन दिनांक 01 से 03 नवम्बर, 2018 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया । जिसमें महाविद्यालय की सामान्य प्रश्नोत्तरी टीम ने प्रथम स्थान तथा सांग तथा हरियाणवी स्क्टि की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इसके अलावा हरियाणवी स्किट में ही शिवानी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब जीता ।

उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा भेजी गई राशि रू0 30000/– से उमंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में दिनांक 15 व 16 फरवरी, 2019 को करवाया गया जिसमें गायन, नृत्य, चुटकूले, मॉनो एक्टिंग, हरियाणवी वेश–भूषा आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें अनेकों विद्यार्थियों ने भाग लिया । 27 व 28 मार्च, 2019 को अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें हरियाणवी रीति–रिवाज, भूगोल, कम्प्यूटर साईंस व वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण, कविता पाठ, पेंटिंग, रंगोली, संस्कृत श्लोकोच्चारण आदि का आयोजन करवाया गया ।

**खेल–कूद गतिविधियां :–**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी खेल–कूद गतिविधियों में महाविद्यालय का प्रदर्शन शानदार रहा है ।

**राष्ट्रीय व अर्न्तविश्वविद्यालय स्तर : –**

एकल प्रतिस्पार्धाओं में दिनांक 10 से 12 अगस्त, 2018 को दिल्ली में आयोजित Independence Cup Senior National Karate Championship में भाग लेकर महाविद्यालय की छात्रा सुमिता ने प्रथम व हिना ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने राज्य व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

महाविद्यालय की छात्रा दीपशिखा ने अर्न्तविश्वविद्यालय कराटे प्रतियोगिता जोकि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित की गई, में स्वर्ण पदक प्राप्त किया व सोनू व साहिल ने कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है । महाविद्यालय के छात्र सचिन ने राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय व राज्य का गौरव बढाया।

इसके अलावा All India Jumping Rope Competition में हमारे विद्यार्थी हरीश बी0ए0 प्रथम वर्ष ने भाग लिया व स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय व विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है ।

इसके अलावा महाविद्यालय के खिलाड़ियों में रेनु ने कुश्ती में, अंकित, कविता व सुनिता ने Cross Country में, नीतू व दीपक ने तीरंदाजी में इस वर्ष अपने–अपने event में All India Inter University में भाग लेकर अपना शानदार प्रदर्शन दिया है ।

महाविद्यालय की पुरूष व महिला शतरंज खिलाड़ियों में कुलदीप हिना व सोनिया ने North Zone Inter University Chess व दीपक और सुखबीर ने North Zone Inter University Hand Ball में भाग लेकर महाविद्यालय का गौरव बढाया है ।

जारी ....4.....

**राज्य व अर्न्तमहाविद्यालय स्तर :–**

Inter College Individual competition में महाविद्यालय के तीरंदाजी के खिलाडियों में नीतू व दीपक ने अपने–अपने Event में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढाया है ।

Inter College Taekwondo competition में सुमिता व दीपशिखा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया व सोनू ने कास्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।

Inter College Wushu मे सुमिता ने रजत पदक हासिल किया ।

महाविद्यालय की कुश्ती महिला खिलाडी रीतु व रेणु ने अपने–अपने भार वर्ग में रजत पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है ।

**Team competition Chess :–**

महाविद्यालय की महिला शतरंज टीम ने प्रथम बार Inter College Chess में भाग लिया व प्रथम स्थान प्राप्त किया व पुरूष शतरंज टीम ने Inter College Chess में भाग लिया व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**Cross Country :**

महाविद्यालय की महिला Cross Country Team ने Inter College tournament में द्वितीय व पुरूष टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**Yoga :**

महाविद्यालय की योग पुरूष टीम ने Inter College Yoga Tournament में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

**Hand Ball : –**

Hand Ball Team, ने Inter College Hand Ball Tournament में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।

इन सभी उपलब्धियों के अलावा महाविद्यालय की Football, Volleyball, Cricket टीमों ने Inter College Tournament में भाग लिया व अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है । विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Inter College Tournament के अलावा महाविद्यालय के कुश्ती व योग खिलाड़ियों ने निदेशालय उच्चत्तर शिक्षा, हरियाणा द्वारा आयोजित हरियाणा व State Inter College Yoga व Wresting में भाग लिया । इसके अलावा इस वर्ष 12 व 13 अक्तुबर को महाविद्यालय में Chess का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया व 25 व 26 अक्तुबर को Annual Athletic Meet करवाई गई। इन सभी के लिए शारीरिक शिक्षा की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी सैनी बधाई की पात्र है ।

**राष्ट्रीय सेवा योजनाः–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 100–100 स्वयं सेवकों की दो ईकाइयां कार्यरत है । जिसमें महिला वर्ग में श्रीमती रेनु रानी एवं पुरूष वर्ग में श्री अमित कुमार कार्यक्रम अधिकारी अपना–अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रहे है ।

जारी ....5....

सत्र 2018–19 में एम0एच0आर0डी0 के आदेशानुसार 1 जून, 2018 से 31 जुलाई, 2018 तक 32 स्वयं सेवकों ने स्वच्छ भारत Internship के अन्तर्गत अलग–अलग गांव में जाकर स्वच्छता अभियान व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018 के अन्तर्गत दिनांक 03 अगस्त, 2018 से 19 अगस्त, 2018 तक एन0एस0एस0 के स्वयं सेवकों ने प्रतिदिन अलग–अलग गांव में जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया व ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़–पौधे लगाए ।

दिनांक 14 अगस्त, 2018 को एन0एस0एस0 का एक दिवसीय शिविर लगाया गया और स्वयं सेवकों ने पूरे महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की, पौधों को पानी दिया।

दिनांक 01 सितम्बर, 2018 को महाविद्यालय में एन0एस0एस0 व महाविद्यालय Alumni के साझा सहगोग से पौधा रोपण समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री राजेश नाफरिया, आई0आर0एस0, आयकर विभाग रहे । जिसमें महाविद्यालय में पौधे लगाए गए और विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए ।

दिनांक 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया जिसमें पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसी वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपने पचास वर्ष पूरे किए ।

दिनांक 26 सितम्बर, 2018 को रेड क्रॉस सोसाईटी के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 130 युनिट रक्तदान किया गया । इसमें स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय रहा ।

दिनांक 22 अक्तुबर, 2018 को एक द्विवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दोनो ईकाइयों के 200 से भी अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया व महाविद्यालय प्रांगण की साफ–सफाई की।

दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 को राजकीय महाविद्यालय में उच्चत्तर शिक्षा, हरियाणा, के आदेशानुसार Pledge for Life Anti Tobacco गतिविधियों को आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रतिज्ञा ली गई कि वे जीवन भर धूम्रपान या तम्बाकु चबाने इत्यादि का प्रयोग नहीं करेगें ।

दिनांक 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस दोनो ईकाईयों के स्वयं सेवकों ने अत्यन्त उत्साह से मनाया ।

निदेशालय के आदेशानुसार जिला युवा संसद एवं राष्ट्रीय युवा संसद त्योहार, 2019 के अन्तर्गत महाविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन किया गया । इसमें विद्यार्थियों ने अलग–अलग विषयों पर अपने विचार रखे जिनमें इनका प्रदर्शन सराहनीय रहा ।

जारी ....6.....

दिनांक 26 जनवरी, 2019 से 01 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 100 स्वयं सेवकों ने भाग लिया । जिसमें प्रत्येक दिन स्वयं सेवकों ने विभिन्न गतिविधियां जैसे योगासन, श्रमदान, प्राथमिक उपचार व हॉम नर्सिंग प्रशिक्षण, विस्तार व्याख्यान, स्वच्छता रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि में भाग लिया । शिविर के समापन समारोह में सेवानिवृत प्राचार्या, श्रीमती राज गर्ग मुख्य अतिथि रहीं । इस शिविर में Best Camper युनिट प्रथम बी0ए0 तृतीय वर्ष का विद्यार्थी प्रदीप व Best Volunteer बी0ए0 तृतीय वर्ष के हिमांशु रहे । Best Camper युनिट द्वितीय में बी0कॉम0 की छात्रा सचिना व Best Volunteer बी0ए0 द्वितीय वर्ष की आरती रहीं ।

इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पांच स्वयं सेवक व एक प्राध्यापक काउंसलर ने रैड क्रॉस सोसाईटी हिसार द्वारा दिनांक 25 फरवरी, 2019 से 01 मार्च, 2019 में आयोजित पांच दिवसीय शिविर में भाग लिया व कैम्प की भिन्न–भिन्न गतिविविधियों में भाग लेकर अपना उच्च प्रदर्शन दिया।

**<u>एन.सी.सी :–</u>**

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 आर्मी विंग की एक प्लाटून 11 हरियाणा बटालियन भिवानी के अन्तर्गत कार्यरत है, जिसमें कुल 43 कैडेट को एनरोल किया जाता है। सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया ।

एन0सी0सी0 कैडेट को वर्ष भर में प्रशिक्षण देने हेतु 35 परेड का आयोजन करवाया गया जिसमें ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण सेनाओं का संगठन, युद्ध कौशल, मानचित्र अध्ययन, राष्ट्रनिर्माण आपदा प्रबंधन, नेतृत्व व समाज सेवा जैसे विषयों के बारे में बताया गया ।

म्हाविद्यालय प्रांगण में Alumni Association के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया ।

स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अन्तर्गत कैडेटस ने विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम चलाए व सर्जीकल डे मनाया । 26.09.2018 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कैडेटस ने बढचढकर भाग लिया। 15.10.2018 से 27.10.2018 तक चार कैडेटस ने आर्मी एटैचमैन्ट शिविर में विशेष प्रशिक्षण लिया । 24 कैडेटस ने जनवरी, 2019 में देवसर धाम में आर्मी ट्रेनिंग शिविर में भाग लिया । शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों में कैडेटस ने मेडल प्राप्त किए। सभी कैडेटस ने स्वतंत्रता दिवस गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हांसी उपमण्डल कार्यक्रम में परेड की प्रस्तुति दी।

नशामुक्ति कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में एक व्याख्यान करवाया गया । वर्ष 2018–19 में आयोजित सी प्रमाण पत्र की परीक्षा में कुल 13 कैडेटस शामिल हुए तथा बी प्रमाण पत्र की परीक्षा में 15 कैडेटस शामिल हुए ।

जारी ....7....

**रेड रिबन कल्ब :–**

राजकीय महाविद्यालय हांसी में 10 अगस्त, 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में H.I.V/ AIDS के प्रति सामाजिक जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया। इसमें महाविद्यालय के 24 विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को "Teach AIDS" नाम फिल्म स्मार्ट क्लास रूम के माध्यम से दिखाई गई । जिसमें लगभग 400 विद्यार्थी लाभांवित हुए । महाविद्यालय में एक पुरूष प्राध्यापक व एक महिला प्राध्यापिका तथा चार विद्यार्थियों ने Haryana State AIDS Control Society की तरफ से राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया और परिणाम स्वरूप राजकीय महाविद्यालय हांसी में जागरूकता अभियान चलाया । इसके लिए सहायक प्रोफैसर श्री अनिल कुमार जी और श्री विजय कुमार यादव बधाई के पात्र है ।

**महिला प्रकोष्ठ :–**

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महिला प्रकोष्ठ द्वारा निम्न गतिविधियां करवाई गई ।

1. तीज के उपलक्ष्य में मटका सजाओं, रंगोली और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया ।
2. रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण रैली और विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया । साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा गया । दिनांक 23.10.2018 को मेहन्दी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

**कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैलः–**

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख जानकारी उपलबध करवाने के लिए प्लेसमैंट सैल कार्यरत है । इसके प्रभारी श्री कर्मवीर सिंह सिहाग है । सैल के माध्यम से समय–समय पर अनेक गतिविधियां संचालित की जाती है । प्लेसमैंट सैल की ओर से महाविद्यालय के 76 छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय, हिसार में 08.10.2018 से 12.10.2018 तक होने वाले रोजगार मेले में भाग लिया तथा महाविद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने पण्डित नेकी राम शर्मा, राजकीय महाविद्यालय, रोहतक मे आयोजित रोजगार मेले में भाग लिया । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में एक विस्तार व्याख्यान आयोजित करवाया गया ।

**शैक्षणिक भ्रमण :–**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें एतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाने के लिए महाविद्यालय में कमेटी गठित की गई है जिसके प्रभारी

जारी ....8....

श्री कर्मवीर सिंह सिंहाग तथा श्रीमती रजनी सैनी है । इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के 42 सदस्यीय दल ने डॉ0 बंता सिंह जांगड़ा एवं श्री कपिल कुमार के नेतृत्व में दिनांक 17.02.2019 से 19. 02.2019 तक अमृतसर, बाघा बार्डर, भाखड़ा बांध, डेरा ब्यास, श्री आनन्दपुरसाहिब आदि स्थलों का भ्रमण करके वहां की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की जानकारी प्राप्त की ।

**मैरिट स्कोलरशिपः–**

श्री जोगिन्द्र सिंह जी की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है Haryana State Meritorious Incentive Scheme के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0 कॉम0 कक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्रमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 83,000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई । **Under Graduate Merit Scholarship to Girls Students Scheme (Fresh)** के अन्तर्गत प्रथम वर्ष की 10 छात्राओं को प्रति छात्रा 3000/– रू कुल 30,000/– की राशि प्रदान की गई । **Under Graduate Merit Scholarship to Girls Students Scheme (Renewal)** के अन्तर्गत द्वितीय व तृतीय वर्ष की 11 छात्राओं के आवेदन पत्र छात्रवृति हेतु विभाग को भेजे गए । कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र द्वारा University Merit Scholarship के तहत् दो छात्राओं को रू0 200/– प्रति माह छात्रवृति दी गई । राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए महाविद्यालय में संस्कृत भाषा पढने वाले छात्रों के आवदेन भेजे गए जिसमें से 11 विद्यार्थियों की छात्रवृति प्रदान की गई है। Central Sector Scheme के तहत बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0 तथा बी0सी0ए0 प्रथ्म वर्ष के विद्यार्थियों के ऑन–लाईन छात्रवृति फार्म भरवाए गए ।

श्रीमती रजनी सैनी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में 478 अनुसूचित जाति के छात्रों को किताबों व छात्रवृति के लिए हरियाणा सरकार की योजनानुसार अनुसार राशि महाविद्यालय द्वारा वितरित की जा चुकी है । इसके साथ डॉ0 बन्ता सिंह जांगड़ा की अध्यक्षता में महाविद्यालय के बी0सी0 वर्ग के 301 विद्यार्थियों को निदेशालय द्वारा सीधे खाते में छात्रवृति प्रदान की जाएगी ।

**महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः–**

**संस्कृत साहित्य परिषदः–**

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद जोगिन्द्र सिंह एंव श्री कर्मबीर सिहाग के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसके अर्न्तगत संस्कृत–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत–निबन्ध लेखन एंव श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है ।

जारी ...9....

**हिन्दी साहित्य परिषदः–**

हिन्दी साहित्य परिषद श्री जोगिन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही । इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर महाविद्यालय में आयोजित भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया । इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**अंग्रेजी साहित्य परिषद :–**

अंग्रेजी साहित्य परिषद की ओर से दिनांक 29.08.2018 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । जिसमें हेमंत बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, मानसी बी0ए0 प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा नीतू एवं काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**गणित परिषदः–**

गणित परिषद डॉ0 हर्षा के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । गणित विभाग द्वारा Methematical communittee NGO Delhi के सहयोग से चार दिवसीय राष्टीय कार्यशाला का आयोजन 28 अगस्त से 31 अगस्त तक "Visualising the concept of real analysis" विषय पर किया गया । जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अतिरिक्त अन्य महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया । गणित विभाग की विद्यार्थियों योगेश, बबली तथा अमन ने हिन्दु कन्या महाविद्यालय, जींद में आयोजित राज्य स्तरीय अन्तं महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । 20 फरवरी, 2019 को गणित परिषद ने Power Point Methematical प्रतियोगिता करवाई । गणित परिषद ने 14 मार्च को पाई डे मनाते हुए पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया । इसके लिए महाविद्यालय का गणित विभाग व प्रभारी डॉ0 हर्षा बधाई की पात्र है ।

**भूगोल परिषदः–**

सत्र 2018–19 के दौरान महाविद्यालय की भूगोल टीम ने चार महाविद्यालयों द्वारा आयोजित भूगोल प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सत जिंदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौंर, नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक तथा छाजु राम मैमोरियल जाट महाविद्यालय, हिसार में बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीनों महाविद्यालयों से ट्रोफी प्राप्त की । कलनौर से हमारे विद्यार्थी पिछले तीन वर्ष से तथा नेकी राम शर्मा, राजकीय महाविद्यालय, रोहतक से पिछले दो वर्ष से ट्रोफी जीतते आ रहे है। इसका श्रेय बी0ए0 तृतीय वर्ष के विद्यार्थी भोलेनाथ, सोनिका, पूजा व बी0ए0 द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रोहित को जाता है । जिन्होंने ये गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए जीतोड़ मेहनत की और हमारे महाविद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। इसके अतिरिक्त इस वर्ष राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर में आयोजित अन्तर्महाविद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी में हमारे महाविद्यालय की भूगोल विभाग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । जिसके लिए बी0ए0 तृतीय वर्ष के विद्यार्थी पूजा तथा

जारी ....10...

अनुलता बधाई की पात्र है । जिन्होंने सुदूर संवेदन विषय पर बहुत ही उत्कृष्ट मोडल की रचना करके ये उपलब्धि प्राप्त की ।

**मनोविज्ञान परिषद :–**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मनोविज्ञान विभाग द्वारा कई गतिविधियां करवाई गई । 03 अक्तुबर से 09 अक्तुबर तक ''मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह'' का आयोजन किया गया जिसमें 03 अक्तुबर को श्लोगन व पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता, 04 अक्तुबर को विस्तार व्याख्यान, 06 अक्तुबर को भाषण प्रतियोगिता व 09 अक्तुबर को नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें मनोविज्ञान के लगभग सभी विद्यार्थियों ने बढ–चढ कर भाग लिया इसके अलावा दिनांक 01 व 02 फरवरी को राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महाविद्यालय के मनोविज्ञान द्वारा मोडल प्रस्तुत किया गया ।

**कम्प्यूटर साईंस परिषद :–**

महाविद्यालय स्तर पर कम्प्यूटर विभाग द्वारा M.S. Office निपुणता व Power Point प्रस्तुति का आयोजन दिनांक 24 सितम्बर, 2018 को किया । महाविद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 25 जनवरी, 2019 को किया । जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते हुए बी0ए0 द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी अमित व काजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति का पुरस्कार भी बी0ए0 द्वितीय वर्ष की काजल ने प्राप्त किया । अर्न्तमहाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 27 मार्च, 2019 को किया गया जिसमें विद्यार्थियों को सराहनीय योगदान रहा । इन सभी गतिविधियों के लिए सफलतापूर्वक संचालन के लिए डॉ0 बन्ता सिंह जांगडा, श्रीमती सुमन लता, श्री कपिल कुमार व विभाग के अन्य सदस्य बधाई के पात्र है।

**वाणिज्य परिषद :–**

महाविद्यालय के वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में दिनांक 27.03.2019 को अन्तः महाविद्यालय वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 08 टीमों ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त परिषद द्वारा दो विस्तार व्याख्यान आयोजित करवाएं गए । इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**अर्थशास्त्र परिषद :–**

अर्थशास्त्र विभाग की ओर से दिनांक 20.10.2018 को अर्न्तमहाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें राहुल बी0ए0 तृतीय वर्ष, रेखा बी0ए0 प्रथम वर्ष, प्रीति बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया । दिनांक 05.03.2019 को अर्न्तमहाविद्यालय वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सरोज बी0ए0 प्रथम वर्ष, ईशु बी0ए0 तृतीय वर्ष, संगीता बी0ए0

जारी ...11....

तृतीय वर्ष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**विज्ञान परिषद :–**

भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र परिषद वर्ष भर कार्यरत रहे । विभागों द्वारा दिनांक 05 सितम्बर, 2018 को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करवाया गया इसके अतिरिक्त विभाग ने विज्ञान प्रयोग एवं पोस्टर प्रस्तुतिकरण विषय पर लगभग 30 विषयों पर प्रयोगात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जटिल भौतिक एवं रसायनिक तथ्यों को सरल तरीके से समझाया गया । दिनांक 11 अक्तुबर, 2018 को महाविद्यालय में विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें छः टीमें बनाई गई । दिनांक 01 व 02 फरवरी, 2019 को जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा मोना बी0एस0सी तृतीय वर्ष को श्रेष्ठ व्याख्याकार चुना गया। विभागों द्वारा गुरू जम्भेवश्वर विश्वविद्यालय साईंस एवं तकनीकी, हिसार के भौतिकी विभाग द्वारा SCIENTICA, 2019 का अयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के भौतिक व रसायान विभाग की कुल आठ टीमों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया । रंगोली प्रतियोगिता में छात्रा पूजा व मोना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । पोस्टर प्रस्तुति में शिल्पा ने प्रथम व आशुतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । Tracking की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया काव्य पाठ में आशुतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके लिए परिषद धन्यवाद की पात्र है।

**राजनीतिशास्त्र परिषद :–**

महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग की तरफ से 05.03.2019 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें बी0ए0 प्रथम वर्ष कर छात्रा सोनिया रोल नं0 2112020019 ने प्रथम स्थान, गायत्री बी0ए0 प्रथम वर्ष रोल नं0 2112020066 ने द्वितीय स्थान तथा शिक्षा बी0ए0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 1371420045 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**Internal Quality Assurance Cell (IQAC) :-**

सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में गुणवत्ता के विकास के लिए प्राचार्या की अध्यक्षता में IQAC की स्थापना हुई जिसमें महाविद्यालय के पांच प्राध्यापक, भूतपूर्व विद्यार्थी, वर्तमान विद्यार्थी, शहर के गणमान्य व्यक्तियों को मिलाकर 18 सदस्य है जो महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक, सांस्कृतिक खेल–कूद सम्बन्धी तथा कार्यरत प्राध्यापकों व कर्मचारियों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन करती है । इस सत्र के दौरान IQAC के द्वारा दो "Capacity Building" कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा लाभांवित हुए । उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रयास को सराहा गया

जारी ....12....

और इसके लिए रू0 50000/– की राशि भी स्वीकृत की गई ।

**Lab Upgradation :-**

महाविद्यालय में स्थापित विभिन्न प्रयोगशालाओं के अपग्रेडेशन के लिए वर्तमान सत्र के लिए उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा रू0 200000/– की राशि स्वीकृत की गई जिसका प्रयोग कम्प्यूट विज्ञान, भौतिकशास्त्र तथा रसायनशास्त्र की प्रयोगशालाओं के लिए कम्प्यूटर, यंत्र तथा रसायन खरीदने के लिए किया गया । जिससे प्रयोग के कार्य को बेहतर बनाने में काफी सहयोग मिला एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हुआ ।

**अर्नव्हाईल यू लर्न–**

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए अर्नव्हाईल यू लर्न स्कीम चलाई जाती है जिसमें भाग लेकर विद्यार्थी पढाई के साथ–साथ खाली समय में महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं पुस्तकालय, कार्यालय आदि में कार्य करके 100/– रूपए प्रति घण्टा की दर से रूप्ए अर्जित कर सकता है । इस स्कीम के अन्तर्गत इस सत्र के दौरान उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा 1,62,750/– रूप्ए की राशि स्वीकृत की गई तथा महाविद्यालय की 114 विद्यार्थी लाभांवित हुए । इस कार्य के सफल कार्यान्वन के लिए भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ0 राजकुमार बधाई के पात्र हैं ।

**बर्सर :–**

श्री शामेन्द्र सिह बामल, सहायक प्रोफैसर वाणिज्य महाविद्यालय में बर्सर का कार्य कुशलतापूर्वक कर रहे है

**महाविद्यालय पत्रिका :–**

छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा पत्रिका 'तीज' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है ।

**कार्यालय :–**

महाविद्यालय के कार्यालय में श्री अनिल कुमार, सहायक, श्री सन्नी चौहान, लिपिक तथा श्री सोमबीर, लिपिक अपना–अपना कार्य नियमित व पूरी निष्ठा से निभा रहे है । महाविद्यालय के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी भी अपना–अपना कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लगन से कर रहे है।

**नियुक्तियाँ एंव स्थानान्तरण :–**

वर्तमान सत्र में गणित विभाग में कुमारी संतोष देवी, अर्थशास्त्र विभाग में कुमारी भतेरी, भौतिकशास्त्र में श्री सोमबीर व श्री रविन्द्र कुमार, रसायनशास्त्र विभाग में श्रीमती रेनु रानी व श्री अमित कुमार, राजनीतिशास्त्र में श्रीमती बबीता चौधरी तथा कम्प्यूटर साईंस विभाग में डॉ0 कुलदीप, श्रीमती अंजु जैन, श्रीमती पूनम व श्रीमती प्रियंका ने नियुक्तियां प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण किया है । इसके

जारी ....13.....

अतिरिक्त महाविद्यालय के कार्यालय में श्रीमती कृष्णा देवी व कुमारी मोनिका ने पीयन के पद पर नियुक्ति प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण किया । गणित विभाग में श्री धनेश कुमार व श्री संदीप कुमार राजकीय महाविद्यालय, उगालन (हिसार) से तथा कम्प्यूटर साईंस विभाग में श्रीमती उमा नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक से तथा श्री पवन कुमार, लैब सहायक, राजकीय महाविद्यालय, महम से स्थानान्तरित होकर तथा इतिहास विभाग में श्री किशनपाल, राजकीय महाविद्यालय, गुरूग्राम से प्रतिनियुक्ति पर इस महाविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया ।

इस वर्ष महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 प्रदीप वर्मा, भूगोल का राजकीय महाविद्यालय, हिसार में तथा श्री देवेन्द्र सिंह लाम्बा, इतिहास का राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर–1, पंचकूला में स्थानांतरण हुआ है।

**व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–**

(1) शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफैसर श्रीमती रजनी सैनी ने राजकीय महाविद्यालय, नलवा (हिसार) में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक शोधपत्र प्रस्तुत किया जोकि प्रकाशित किया गया तथा राजकीय महाविद्यालय, हांसी में दिनांक 29 जनवरी, 2019 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भी भाग लिया ।

(2) कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रोफैसर डॉ0 बंता सिंह जांगड़ा ने सितम्बर, 2018 में हरियाणा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा आयोजित ग्रवित स्वंय सेवक प्रोग्राम में विस्तार व्याख्यान दिया। सितम्बर, 2018 में HIPA, Gurugram द्वारा अयोजित तीन दिवसीय **Short Term Course** में भाग लिया । नवम्बर, 2018 में C.R. Kishan College, Jind में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मे शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(3) कम्प्यूटर विभाग की सहायक प्रोफैसर श्रीमती सुमन लता ने नवम्बर, 2018 में C.R. Kishan College, Jind में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मे शोध पत्र प्रस्तुत किया। जनवरी, 2019 में राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजकीय महाविद्यालय, भोढिया खेड़ा में शोध पत्र प्रस्तुत किया । फरवरी, 2019 में राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजकीय महाविद्यालय, नलवा में शोध पत्र प्रस्तुत किया

(4) कम्प्यूटर विभाग की सहायक प्रोफैसर श्री कपिल कुमार ने नवम्बर, 2018 में C.R. Kishan College, Jind में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी मे शोध पत्र प्रस्तुत किया। फरवरी, 2019 में राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजकीय महाविद्यालय, नलवा में शोध पत्र प्रस्तुत किया

(5) राजनीतिशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफैसर श्रीमती बबीता चौधरी ने दिनांक 17.12.2018 से 21.12.2018 तक Induction Programme , HIPA Gurugram में भाग लिया तथा दिनांक 29.01.2019 को राजकीय महाविद्यालय, हांसी में अयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया ।

जारी ....14.....

(6) अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफैसर कुमारी भतेरी ने दिनांक 15.12.2018 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित राज्य स्तरी कार्यशाला में भाग लिया । दिनांक 29.01. 2019 को राजकीय महाविद्यालय, हांसी में अयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया ।

(7) डॉ0 हर्षा सहायक प्रोफैसर, गणित ने अपने दो शोध पत्र Mini Symposia दीनदयाल उपाघ्याय महाविद्यालय, दिल्ली में एवं हिन्दु कन्या महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा अयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत किए। इनकी दो पुस्तकें Group and Rings जोकि A.A PARKASHAN तथा Programming in C जोकि Jeevan sons Publication द्वारा प्रकाशित की गई है ।

(8) श्री शिव कुमार, सहायक प्रोफैसर, वाणिज्य ने दिनांक 08 सितम्बर, 2018 को रामानुजन कॉलेज में Ministry of HRD द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया । दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को तरूण योजना हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी द्वारा "Banking Awearness and Challanges" विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया। दिनांक 29 जनवरी, 2019 को राजकीय महाविद्यालय हांसी में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। दिनांक 09 फरवरी, 2019 को राजकीय महाविद्यालय नलवा में आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में भाग लिया । दिनांक 09 मार्च, 2019 को एस0डी0 कॉलेज, अम्बाला कैंट में आयोजित NAAC की एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया ।

(9) श्री अनिल कुमार, सहायक प्रोफैसर, वाणिज्य ने दिनांक 08 सितम्बर, 2018 को रामानुजन कॉलेज में Ministry of HRD द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। दिनांक 19 सितम्बर, 2018 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला "SWAYAM MOOCs" में भाग लिया दिनांक 20 सितम्बर, 2018 को तरूण योजना हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी द्वारा "Importance of Communication in employability" विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया। दिनांक 29 जनवरी, 2019 को राजकीय महाविद्यालय हांसी में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। दिनांक 09 मार्च, 2019 को एस0डी0 कॉलेज, अम्बाला कैंट में आयोजित NAAC की एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

**पुस्तकालय :–**

वर्तमान पुस्तकालय नयी बिल्डिंग में सुचारू रूप से कार्यरत है जिसमें 26,934 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं । पुस्कालय में प्रति दिन 11 समाचार पत्र तथा 10 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है । जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं ।

जारी ....15....

**शोकप्रस्ताव नामोल्लेख :–**

वर्तमान सत्र में हमने एक होनहार छात्र व एक छात्रा को खो दिया तथा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य राज्य कवि श्री उदयभानु हंस जी का निधन हो गया । इसके अलावा महाविद्यालय परिवार की सदस्या कुमारी संतोष देवी, सहायक प्रोफैसर, गणित के पिता तथा महाविद्यालय के एक्सटैंशन लैक्चरर डॉ0 मंजीत मलिक के पिता तथा महाविद्यालय के कर्मचारी श्री प्रीतम, पीयन की माता जी एवं महाविद्यालय के कर्मचारी श्री रामभगत, माली का आकस्मिक निधन हो गया । हम ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करते है ।

**सेवानिवृत्ति :–**

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय से श्री सुभाष चंद्र, जे0एल0ए0 के पद से 31 जनवरी, 2019 को को सेवानिवृत हुए है।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएं :–**

महाविद्यालय की अनेक आवश्यकताओं को सरकार ने पूरा कर दिया हैं फिर भी कुछ आवश्यकताएं हैं :–

1. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए प्राध्यापकों की कमी है ।
2. कार्यालय मे कर्मचारियों की भी कमी है ।
3. महाविद्यालय में पार्किंग शेड नहीं है जिससे स्टाफ एवं विद्यार्थियों को काफी असुविधा होती है।
4. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की बढती हुई संख्या के अनुसार एक टीचिंग ब्लॉक की अत्यन्त आवश्यकता है क्योंकि हमें अधिकतर कक्षाए बाहर खुले मैदान में लगानी पड़ती है।
5. महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पुरूष व महिला कांस्टेबल की आवश्यकता है ।
6. महाविद्यालय की लाईब्रेरी के साथ अध्ययन कक्ष की आवश्यकता है ।

**आभार प्रदर्शन :–**

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करती हूं जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय प्रधान सचिव तथा महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. तथा समस्त मीडिया आभार के पात्र है ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्री कर्मवीर सिंहँ सिहाग सहायक प्रोफैसर, संस्कृत, व श्री लोकेश कुमार का मैं आभार व्यक्त करती हूँ । महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है । विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में

उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करती हूँ।